Dainik Tribune, Gurgaon
Sunday, 14th July 2019; Page: 4
Width: 14.05 cms; Height: 33.19 cms; a3; ID: 72.2019-07-14.6

मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

नूंह/मेवात, 13 जुलाई (निस)

12 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ 7 जुलाई को गैंगरेप मामले का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया और डीजीपी को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ित लड़की को राहत व पुनर्वास और परामर्श प्रदान करने सहित अन्य जानकरी मांगी है। गौर हो कि घटना वाले दिन पीड़िता की दादी शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने पीड़ित परिवार को टरका दिया और नाबालिग लड़की को खुद ही ढूंढने की बात कही। मामला मीडिया में उछला तो पुलिस की अनदेखी व लापरवाही सामने आई। मामला जब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष पहुंचा तो उसने इसे निंदनीय ठहराया।